जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डीडीहाट पिथौरागढ़

एफ0 एल0 एन0 आख्या

NEP 2020 की चौथी वर्षगांठ पर आयोजित शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का द्वितीय दिवस

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पिथौरागढ़ में दिनांक 23/07/2024 को शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के अवसर पर FLN गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डायट डीडीहाट श्री भाष्करानन्द पाण्डेय के दिशानिर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री जे0 बी0 मिश्र द्वारा सभा में उपस्थित समस्त डायट स्टाफ एवं डी0एल0एड0 प्रशिक्षु के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम में श्री चन्द्रशेखर मखौलिया, श्री वी0के0एस0 बसेड़ा, डा0 ममता खोलिया तथा श्री पुनीत प्रकाश जोशी के साथ तृतीय सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षु इस सत्र में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ निपुण भारत गीत **अब जाग जरा और खोल नयन........** तथा निपुण भारत प्रतिज्ञा **आओ एक जुट होकर हाथ मिलाएं........** के साथ किया गया। तत्पश्चात चर्चा सत्र में गतिविधि हेतु कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये।

कार्यक्रम की प्रस्तुति डी0एल0एड0 प्रशिक्षु द्वारा ग्रुपवार प्रस्तुत किया गया। जिसका विवरण निम्नलिखित है–

➢ **रमन सदन समूह द्वारा की गयी गतिविधियां–**

प्रथम समूह ने NEP 2020, FLN व निपुण भारत के लक्ष्य–

- वर्ष 2026–27 तक सभी बच्चों (कक्षा 1 से 3) को आधारभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान प्राप्त कराने के उद्‌देश्य पर प्रकाश डाला गया।
- एफ0एल0एन0 आधारित शिक्षण विधि I DO, WE DO, YOU DO. पर कविता के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया।
- भाषा एवं गणित के सभी घटकों (मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, ध्वनि जागरूकता, धारा प्रवाह पढ़न, लेखन, संख्या पूर्व अवधारणा, आकार एवं स्थानिक समझ, मापन आदि) पर प्रतिदिन कक्षा शिक्षण में कैसे प्रयोग किया जाना है प्रकाश डाला गया।

➢ चाणक्य सदन समूह द्वारा की गयी गतिविधियां–

- FLN के अन्तर्गत **जादुई पिटारा** का परिचय सदन को दिया गया और यह बताया गया कि NCERT द्वारा जादुई पिटारा को 13 भाषाओं में अनुवादित किया गया है।
- प्रशिक्षिओं द्वारा जादुई पिटारा बनाया गया।
- उसमें कुछ पर्चियां डाल कर बच्चों से पर्चियां निकलवायी गयी।
- पर्चियों में लिखी गतिविधि (कविता वाचन, कहानी वाचन, गणितीय संक्रियाओं) के द्वारा बच्चों को भाषा व संख्या ज्ञान से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियां करवाई गयी।

➢ विवेकानन्द सदन समूह द्वारा की गयी गतिविधियां–

- FLN के अन्तर्गत कहानी पठन की क्रियाविधि को समझाया गया–

जैसे कहानी का परिचय देना, पात्रों का विश्लेषण करना, संवाद और भाषा का अध्ययन, मूल अर्थ, समाप्ति एवं संक्षेप करना।

- कहानी पठन को रमन की पतंग नामक कहानी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

- कहानी के साथ पतंग निर्माण की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया तथा पतंग से सम्बन्धित विशेषताओं को नौतिक मुल्यों के साथ जोड़ा गया।

➢ कलाम सदन समूह द्वारा की गयी गतिविधियां–

- प्रशिक्षुओं द्वारा चित्र दिखाकर कहानी निर्माण करने के लिये कहा गया।
- जिससे विद्यार्थियों में देखकर चिंतन करके कहानी निर्माण करने के कौशल का विकास किया जा सकता है।
- जिसमें संस्थान के शिक्षकों को भी सम्मिलित किया गया।
- स्थानीय खेल, पहेलियां (ऐड़) आदि के माध्यम से शिक्षण अधिगम को रूचि व प्रभावपूर्ण बनाने का प्रयास किया गया।

➢ कुर्मांचल सदन समूह द्वारा की गयी गतिविधियां–

- FLN के अन्तर्गत साझा पठन, सस्वर पढन, संयुक्त पढन, ध्वनि जागरूकता तथा मौखिक भाषा विकास के अन्य घटकों को गतिविधियों (कविता, कहानी और शब्दों) के द्वारा प्रस्तुत किया।
- अनेकार्थी शब्द को विभिन्न बलाघातों के द्वारा गतिविधि के द्वारा भिन्न अर्थ प्रस्तुत करके प्रस्तुतीकरण किया गया।

➢ वेदान्ता सदन समूह द्वारा की गयी गतिविधियां–

- गणितीय जागरूकता (गणित के प्रति रूचि एवं संख्याओं के साथ खेल के माध्यम से समझ विकसित करना)
- FLN के लक्ष्यों को I DO, WE DO, YOU DO. के माध्यम से स्पष्ट करने की गतिविधियां करवाई गयी।
- कविता **एक मोटा हाथी** के माध्यम से एक से एक की संगति, संख्या ज्ञान, कंचों की सहायता से जोड़ तथा घटाना, गिनतारे की सहायता से पहाडों के सम्प्रत्यय को स्पष्ट करने की गतिविधियां करवाई गयी।



कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य श्री भाष्करानन्द पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत सभी गतिविधियों पर अपने विचार प्रस्तुत किये गये तथा विद्यालय में प्रशिक्षुओं द्वारा प्रयोग करने हेतु अभिप्रेरित किया गया। तत्पश्चात श्री चन्द्रशेखर मखौलिया द्वारा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। सायं 05:30 PM पर कार्यक्रम का समापन हुआ।

दिनांक–23/07/2024

स्थान– डायट डीडीहाट

Scanned with OKEN Scanner